# नव भारत


5 पाक पंजाब से जहरीली हवा की मार


6 भारत की अफगान नीति: दुनिया को नया संदेश


7 आत्मनिर्भरता से आपूर्ति मजबूत : पीयूष


8 नोवाक जोकोविच पैर की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से हटे

## एक नजर में



### गुरु चरण यात्रा में शामिल हों श्रद्धालु : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली.** श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज और माता साहिब कौर के पवित्र 'जोड़ा साहिब' को लेकर गुरु चरण यात्रा गुरुवार को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा मोती बाग साहिब से पटना के तख्त श्री हरमंदिर साहिब के लिए रवाना होगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस यात्रा से जुड़ने और जोड़ा साहिब के दर्शन करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी कामना है कि गुरु चरण यात्रा के साथ श्री गुरु गोबिंद सिंह और माता साहिब कौर के महान आदर्शों से देशवासियों का जुड़ाव और गहरा हो.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
HAVELLS
बिजली फिटिंग का पूरा सामान
लाइट और पंखे भी
पाएं ब्रांड भी- मार्केट से सस्ता भी
मटेहना टाईल्स बाजार
74368-74368

### खजुराहो से बनारस तक चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**भोपाल.** सांसद शर्मा ने खजुराहो से बनारस तक वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर 24 जुलाई और 5 अक्टूबर को रेलमंत्री वैष्णव से मुलाकात कर पत्र सौंपा था. इसके बाद रेल मंत्रालय ने ट्रेन चलाने पर सहमति दी है.

### चुनाव से पहले 15 सेना अधिकारियों को जेल

**ढाका.** बांग्लादेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले देशभर की राजनीति में गर्माहट है. इतना ही नहीं राजनीतिक तनाव भी अपने चरम पर है. इसी बीच बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी-बीडी) ने बुधवार को 15 सक्रिय सेना अधिकारियों को मानवाधिकार उल्लंघन, जबरन गायब कराने, हत्याओं और हिरासत में यातना के आरोपों में जेल भेज दिया। ये अधिकारी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के दौरान के आरोपी हैं. सेना ने 11 अक्टूबर को इन अधिकारियों को हिरासत में लिया था, जब ट्रिब्यूनल ने उनके गिरफ्तारी आदेश दिए थे.

### केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का हेलिकॉप्टर गड्ढे में फंसा

**नई दिल्ली.** सबरीमाला के दौरे पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चॉपर अचानक कंक्रीट के गड्ढे में फंस गया. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. पुलिसकर्मियों और अग्निशमन बल के कर्मचारियों ने हाथ से धक्का देकर हेलीकॉप्टर को बाहर निकाला है। यह घटना बुधवार सुबह केरल के प्रमादम स्थित राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में हुई. हालांकि, इस दौरान कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बाल-बाल बच गई. हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद वो सड़क के रास्ते पंबा के लिए रवाना हुई. अधिकारी ने बताया, पहले राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग पंबा के पास निलक्कल में होनी थी, लेकिन मौसम खराब होने के कारण स्टेडियम में लैंडिंग की योजना बनाई गई थी.

# ट्रंप ने मोदी को बताया महान

## डोनाल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस में मनाई दिवाली

**वॉशिंगटन, 22 अक्टूबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस में दिवाली मनाई. उन्होंने पारंपरिक दीया जलाकर भारतीय-अमेरिकी समुदाय और राजनयिकों के साथ 'रोशनी के त्योहार' का जश्न मनाया. इस मौके पर अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा भी मौजूद थे.**



कार्यक्रम में ट्रंप ने पीएम मोदी को महान और बहुत अच्छा दोस्त बताया. ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी एक महान व्यक्ति हैं और कुछ सालों में पीएम मोदी से उनकी गहरी दोस्ती हुई है. डोनाल्ड ट्रंप ने दीप जलाकर विधिवत रूप से दिवाली समारोह का आगाज किया. दिवाली समारोह के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करने का दावा किया. उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की. इस दौरान व्यापार और पाकिस्तान के साथ युद्ध न होने की बात की.

त्योहार को लेकर, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमने अंधकार पर प्रकाश की विजय में विश्वास के प्रतीक के रूप में दीया जलाया... यह अज्ञानता पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत है। इस अवसर पर एफबीआई निदेशक काश पटेल, ओडीएनआई निदेशक तुलसी गब्बार्ड, व्हाइट हाउस के उप प्रेस सचिव कुश देसाई, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर शामिल थे।

### एच-1बी वीजा फीस पर छूट से भारतीयों को राहत

यूनाइटेड स्टेट्स सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने 100000 डॉलर एच-1बी वीजा फीस को लेकर स्पष्टिकरण जारी किया है. इसके अनुसार यूएस के अंदर मौजूद वीजा धारकों (छात्रों और प्रोफेशनल्स सहित) को नई फीस देने की आवश्यकता नहीं होगी. यह फीस मुख्य रूप से देश के बाहर से काम करने के लिए किए गए नए आवेदन पर लागू होगी. पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा घोषित इस विवादित फीस पर लंबे समय से स्पष्टिकरण की उम्मीद की जा रही थी. यह गाइडलाइंस भारतीयों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

# पुजारी और महंत के बीच विवाद

## महाकाल में हाथापाई के बाद कर्मचारियों ने दोनों को किया अलग

नवभारत न्यूज

**उज्जैन, 22 अक्टूबर. महाकाल मंदिर में बुधवार की सुबह करीब 8 बजे गर्भगृह में पुजारी व महंत के बीच विवाद हो गया और गाली गलौज हो गई, उनमें हाथापाई भी हुई. दोनों ने एक-दूसरे को देख लेने की धमकी भी दी. बताया गया कि मंदिर के नियमों को लेकर दोनों बात करते-करते भिड़ लिए और धक्का-मुक्की और हाथापाई होने लगी. मौके पर मौजूद अन्य पंडे-पुजारियों व कर्मचारियों ने उन्हें अलग किया.**

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक को लिखित शिकायत दर्ज कराई है. प्रशासक ने फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है. समिति के अधिकारियों ने बताया कि ऋणमुक्तेश्वर मंदिर उज्जैन के महंत महावीर नाथ महाराज अपने साथ गोरखपुर से आए महंत शंकर नाथ जी को लेकर महाकाल दर्शन करने गए थे. हमेशा की तरह वे नियमों का पालन करते हुए गर्भगृह में जाकर दर्शन-पूजन कर रहे थे. उसी दौरान गर्भगृह में पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा भी जल चढ़ाने पहुंचे. दोनों के बीच वेशभूषा को लेकर बात हुई और बाद में बहस व विवाद में बदल गई.



### कार्रवाई को लेकर अखाड़ा परिषद ने दिया ज्ञापन

घटना के तुरंत बाद ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ ने अपने साथ हुई घटना से स्थानीय साधु-संतों को अवगत कराया. मामले की जानकारी लगते ही स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज भी मौके पर पहुंचे. यहां समस्त अखाड़ों के साधु-संत, महंत एकत्रित हुए. बैठक के बाद 100 से अधिक साधु, संत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं उज्जैन के कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से मिले. सभी ने पुजारी प्रतिनिधि महेश शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा.

# मेहुल के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी

**बेल्जियम की अदालत ने की अपील खारिज**

**भारत भेजने का फैसला रखा बरकरार**

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (वार्ता) बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े व्यवसायी मेहुल चोकसी की अपील खारिज कर दी है और उसे भारत भेजने के फैसले को बरकरार रखा है. हीरा कारोबारी चोकसी 13,000 करोड़ रुपए के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में एक प्रमुख आरोपी है।**



अदालत ने मामले पर गौर करने के बाद पाया कि प्रत्यर्पण के लिए सभी कानूनी शर्तें पूरी होती हैं. अदालत ने 2018 और 2021 के भारतीय गिरफ्तारी वारंटों को लागू करने योग्य बताया. इससे चोकसी को भारतीय अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने की अनुमति मिल गई. बता दें कि चोकसी ने अदालत से कहा था कि भारत में उसके जीवन और स्वतंत्रता को खतरा होगा, उसने यह भी दावा करते हुए कि वह राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार है और उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी. उसने अपनी खराब सेहत का भी हवाला दिया।

अदालत ने चोकसी की दलीलों को अपर्याप्त बताया और कहा कि वह भारत में किसी तरह के अमानवीय व्यवहार की आशंका या इंसाफ नहीं मिलने के 'वास्तविक जोखिम' को साबित नहीं कर सका है. यह फैसला चोकसी को मुकदमे का सामना करने के लिए वापस लाने की मांग कर रही भारतीय एजेंसियों के लिए एक बड़ी जीत है.

इससे बेल्जियम से उसे भारत वापस लाने की लंबे समय से चल रही कानूनी कवायद का अंत हो गया है।

# राहुल और प्रियंका का बिहार प्रचार अभियान तय



**नयी दिल्ली, 22 अक्टूबर. बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की तरफ से प्रचार अभियान की तैयारियां तेज हो गयी हैं। कांग्रेस नेतृत्व ने अपने स्टार प्रचारकों कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के जनसभा कार्यक्रम को लेकर अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।**

बिहार विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में प्रचार के लिये उतर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर में दो जनसभाओं को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। सूत्रों के अनुसार छठ के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा बिहार में प्रचार शुरू करेंगे और इसे देखते हुए दोनों नेताओं के चुनाव प्रचार कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं। महागठबंधन में संयुक्त रैलियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी की पहली चुनावी सभा छठ पर्व के बाद आयोजित की जाएगी। वह उत्तर बिहार के किसी बड़े जिले से अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी की रणनीति के अनुसार श्री गांधी पहले चरण के चुनाव में ऐसे इलाकों में जनसभाएं करेंगे जहां कांग्रेस के उम्मीदवारों की स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

### लालू-तेजस्वी से मिले गहलोत



**पटना 22 अक्टूबर.** बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के खींचतान और महागठबंधन की उलझी गांठों को सुलझाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत बुधवार को पटना पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात लालू यादव और तेजस्वी यादव हुई. 1 घंटे तक चली इस मुलाकात की अब तस्वीर भी सामने आ गई है, जिसमें इन तीनों नेताओं के अलावा राबड़ी देवी भी नजर आ रही हैं. मुलाकात के बाद अशोक गहलोत ने कहा कि गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी.

# रेत माफिया ने प्रशासन को 8 किमी तक दौड़ाया

- अधिकारियों को वापस लौटना पड़ा
- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**श्योपुर। विजयपुर में अवैध रेत परिवहन रोकने पहुंचे प्रशासनिक अमले को रेत माफियाओं ने करीब आठ किलोमीटर तक दौड़ाया। इस दौरान रेत माफिया पक्ष की महिलाओं ने लाठी-डंडे लेकर अधिकारियों का विरोध किया। बाद में पुलिस ने दो ट्रैक्टर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है।**

एसडीएम अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस और राजस्व टीम ने अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया था। टीम ने बैरिकेड लगाकर रेत से भरी ट्रॉलियों को रोकने की कोशिश की। लेकिन माफिया ट्रैक्टरों को भगा ले गए। पुलिस दल ने उनका पीछा किया। करीब आठ किलोमीटर तक पीछा करने के बाद भी प्रशासन रेत से भरे ट्रैक्टरों को पकड़ नहीं सका। जब ट्रैक्टर अपने क्षेत्र में पहुंचे तो वहां माफिया पक्ष के लोगों ने पुलिस प्रशासन का विरोध शुरू कर दिया। महिलाओं सहित कई लोगों ने लाठी-डंडे लेकर पुलिस दल को घेरने की कोशिश की जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई अधिकारियों को वहां से लौटना पड़ा। तीसरा आरोपी सोनू यादव (निवासी भुजपेरिया) मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने कहा कि प्रशासन की ओर से अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने की लगातार कोशिश की जा रही है।



विजयपुर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि सुनवई तिराहा क्षेत्र से रेत से भरे दो ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों, मुकेश पुत्र रंगलाल रावत (निवासी थाना टेंटरा) और रामदीन पुत्र लख्खू रावत (निवासी कैमारा कला, थाना टेंटरा) को गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रैक्टर जब्त कर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

# अमेरिका जा रहा एअर इंडिया प्लेन रास्ते से लौटा

**मुंबई 22 अक्टूबर. मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट को उड़ान भरने के करीब तीन घंटे बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस मुंबई लौटना पड़ा. यह घटना बुधवार को हुई.**

फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि खराबी किस वजह से हुई थी, लेकिन इस घटना से अहमदाबाद विमान हादसे की यादें ताजा हो गई. बता दें कि 12 जून को लंदन जा रही फ्लाइट टेकऑफ के कुछ देर बाद क्रैश हो गई थी. इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी. जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट ने मुंबई एयरपोर्ट से रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी. उड़ान के तीन घंटे बाद पायलट और प्लेन के क्रू को किसी तकनीकी समस्या की आशंका हुई, जिसके बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को मुंबई वापस लाया गया. लैंडिंग के बाद इस विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया. इसकी वजह से मुंबई-नेवार्क और नेवार्क-मुंबई दोनों उड़ानें रद्द कर दी.



एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि मुंबई में फंसे यात्रियों के लिए होटल और वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की गई है. वहीं नेवार्क में मौजूद यात्रियों को स्थिति की जानकारी दे दी गई है और उनके लिए भी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं।

### इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग

**वाराणसी.** कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6961 को बुधवार शाम ईंधन रिसाव (फ्यूल लीक) की सूचना के बाद वाराणसी लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वाराणसी के हवाई यातायात नियंत्रण से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर विमान को शाम 4:10 बजे सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा गया। गोमती जोन पुलिस के अनुसार, विमान में सवार सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**बोले सीएम-रोज खाएं दूध, दही** | विजयवर्गीय बोले - हर साल विधायक 5 और सांसद 10 लाख रुपए गोशालाओं को दान करें

# गोसेवा को बनाएं जनआंदोलन : डॉ. मोहन

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 22 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को हातोद में आयोजित गोवर्धन पूजा में पहुंचे, जहां उन्होंने गाय की पूजा कर बछड़े को गोद में उठाकर दुलार किया. इस दौरान सीएम ने कहा टाइगर अभयारण्य बन सकता है, लेकिन गो अभयारण्य क्यों नहीं? गोमाता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं. उन्होंने लोगों से अपील की कि संडे हो या मंडे, रोजाना दूध, दही और माखन खाएं.**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे खेती के आधुनिक साधन बढ़े, वैसे-वैसे गोवंश आधारित खेती से दूरी बढ़ती गई. अब समय है कि किसान प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर लौटें. उन्होंने बताया कि जो किसान प्राकृतिक खेती के लिए पंजीयन कराएंगे, उन्हें एमएसपी के साथ अतिरिक्त राशि दी जाएगी.



इसी दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के सभी विधायकों को चाहिए कि वे हर साल अपने क्षेत्र की किसी गौशाला को 5 लाख रुपए, जबकि सांसद 10 लाख रुपए सहयोग के रूप में दें. उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को संस्कार देना चाहते हैं तो उनका जन्मदिन किसी गोशाला में सेवा कर मनाएं. इस दौरान विजयवर्गीय ने लोगों से अपील की कि गायों को कसाई के हाथों में न बेचें, अगर पालना मुश्किल हो तो उन्हें गोशाला में छोड़ दें. उन्होंने हातोद स्थित रेशम केंद्र गोशाला की तारीफ करते हुए कहा कि यह प्रदेश की चुनिंदा उत्कृष्ट गोशालाओं में से एक है.

कार्यक्रम के दौरान सीएम यादव ने कहा कि आज के समय में रासायनिक खादों से पैदा हो रहे नुकसान को हर कोई जानता है, इसलिए जरूरत है कि हम अपनी परंपरागत खेती और गोवंश की सेवा को फिर से जीवन का हिस्सा बनाएं. इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

# पूर्व डीजीपी का परिवार तलब

## पूर्व डीजीपी के बेटे की मौत का मामला

**पंचकूला, 22 अक्टूबर। पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की रहस्यमयी मौत के मामले की जांच एसआईटी कर रही है. टीम ने मुस्तफा परिवार के सदस्यों को पूछताछ के लिए बुलाया है.**

मामले की जांच कर रही एसआईटी ने बताया कि अकील की मौत के सटीक कारण का पता लगाना प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि मृतक की मेडिकल हिस्ट्री का भी पता लगाया जाएगा और हर पहलू को बारीकी से खंगाला जाएगा. बता दें कि 16 अक्टूबर को पंचकूला के सेक्टर-4 स्थित आवास में 35 वर्षीय अकील अख्तर को बेहोशी की हालत में पाया गया था.



अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था. अकील पेशे से वकील थे. शुरुआत में इसे आत्महत्या माना गया, लेकिन मलेरकोटला निवासी शमशुद्दीन चौधरी की शिकायत पर 20 अक्टूबर को पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा, उनकी पत्नी व पूर्व मंत्री रजिया सुल्ताना, बेटी निशात और बहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी.